


# पंचदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-05 सोमवार, दिनांक-27 फरवरी, 2012 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।**

(सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण प्रेस की आजादी की मांग करते हुए सदन से कुछ क्षणों के लिए बहिर्गमन कर गए)

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 68 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

(कार्यस्थगन की सूचना अमान्य किए जाने का विरोध करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने स्थान से खड़े होकर शोर-गुल करने लगे )

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

(सूचना पढ़ने के बाद अपनी मांग को लेकर सदन के वेल में बैठ गये)

(ii) श्री रामदेव महतो

(iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(iv) श्री विनोद प्रसाद यादव

(v) श्री जनक सिंह

(vi) श्री प्रदीप कुमार

(vii) श्री राजकुमार राय

| | | | |
|---|---|---|---|
| (viii) | श्री प्रमोद कुमार | (ix) | श्रीमती आशा देवी |
| (x) | श्री संजय सिंह 'टाइगर' | (xi) | डा० इजहार अहमद |
| (xii) | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा | (xiii) | श्रीमती लेशी सिंह |
| (xiv) | श्री प्रेमरंजन पटेल | (xv) | श्री राहुल कुमार |

(इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन में अपने स्थान पर खड़े होकर शोर-गुल करते रहे आसन से उन्हें शांत रहने एवं बैठने का अनुरोध किया गया । माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह को भी अपनी सीट पर जाने का अनुरोध आसन से किया गया लेकिन विपक्ष के सदस्यगण शोर-गुल करते रहे )

[4] अन्य चर्चाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार द्वारा चेन्नई में चार बिहारियों की हत्या किए जाने की सूचना सदन में दी गई तथा मृतकों को मुआवजा देने एवं राज्य के बाहर रहने वाले बिहारियों को पूर्ण सुरक्षा दिए जाने की मांग की गई ।

(ii) माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रेस काउन्सिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयान पर माननीय उप मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर अपना पक्ष रखा गया ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग ने भी इस विषय में अपने पक्ष से सदन को अवगत कराया ।

माननीय उप मुख्यमंत्री ने भी अपने द्वारा दिए गए बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट की ।

माननीय उप मुख्यमंत्री एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा रखे गए पक्ष का विरोध करते हुए विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्या श्रीमती गुलजार देवी की शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 22.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य सभासदों के उर्जा विभाग से संबंधित दिनांक 22.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री राजेश सिंह एवं अन्य सभासदों के जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद तथा अन्य सभासदों के आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

[6] अनौपचारिक सूचना :-

माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा भागलपुर के रास्ते पटना आने के क्रम में एक जगह ट्रक ड्राइवरों को पीटने एवं ट्रक को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना दी गयी ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 6.00 बजे अप० तक ।**

(माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह अपनी मांग को लेकर वेल में बैठे हुए थे )

[7] कृषि रोड मैप के प्रारूप पर सामान्य विमर्श :-

माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा कृषि रोड मैप के प्रारूप पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री मंजीत कुमार सिंह | (ii) | श्री विनोद नारायण झा |
| (iii) | श्री दुर्गा प्रसाद सिंह | (iv) | श्रीमती मंजू वर्मा |
| (v) | डा० मुहम्मद जावेद | (vi) | श्रीमती ज्योति रश्मि |
| (vii) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (viii) | श्रीमती मनोरमा प्रसाद |
| (ix) | श्री राणा गंगेश्वर सिंह | | |

(इसी दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चर्चा की अवधि विस्तार किए जाने का प्रस्ताव किया गया तथा सदन की सहमति से आसन द्वारा अवधि विस्तारित किए जाने की घोषणा की गई ।)

(x) श्री प्रदीप कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

(xi) श्री सुरेश कुमार शर्मा

(xii) श्री उमाकांत यादव

(xiii) श्रीमती नीता चौधरी

(xiv) श्री जय कुमार सिंह

(xv) श्री विजय कुमार सिन्हा

(xvi) श्री अखतरूल ईमान

(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया )

(xvii) श्री जनक सिंह

(आसन द्वारा राष्ट्रीय जनता दल के माननीय सदस्यों से कहा गया कि वे माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह को अपने सीट पर लाये । अपने दल के माननीय सदस्यों के अनुरोध पर माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपना स्थान ग्रहण किया गया ।)

(xviii) श्री दिनेश कुमार सिंह

आसन द्वारा घोषणा की गई कि यह चर्चा कल दिनांक 28.02.2012 को जारी रहेगी ।

**[8] <u>निवेदन</u> :-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 28.02.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-27.02.2012

**लक्ष्मीकांत झा**

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।